भारतीय कपास निगम लिमिटेड
THE COTTON CORPORATION OF INDIA





39 वीं वार्षिक रिपोर्ट 2008-2009
39th Annual Report 2008-2009

निदेशक मंडल
(दिनांक 29.08.2009 को)

BOARD OF DIRECTORS
(AS ON 29.08.2009)



श्री सुभाष ग्रोवर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Shri Subhash Grover, Chairman cum Managing Director



डॉ. जे. एन. सिंह
निदेशक
Dr. J. N. Singh
Director



श्री के. रामचंद्रन पिल्लाई
निदेशक
Shri K. Ramchandran Pillai
Director



डॉ. एस. श्रीनिवासन
निदेशक
Dr. S. Sreenivasan
Director



श्री एन. किरूबानिथी
निदेशक (वित्त)
Shri N. Kirubanithi
Director (Finance)



श्री सी. एस. तेवतिया
निदेशक (विपणन)
Shri C. S. Teotia
Director (Marketing)

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

39वीं वार्षिक रिपोर्ट 2008-2009

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

39TH ANNUAL REPORT 2008-2009

निदेशक मंडल
(दिनांक 29-08-2009)

श्री सुभाष ग्रोवर	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डॉ. जे. एन. सिंह	निदेशक
श्री के. रामचंद्रन पिल्लाई	
डॉ. एस. श्रीनिवासन	
श्री एन. किरूबानिथी	
श्री सी. एस. तेवतिया	
श्री मनोज बजाज	कंपनी सचिव एवं. महा प्रबंधक (वित्त)

BOARD OF DIRECTORS
(As on 29-08-2009)

Shri Subhash Grover	Chairman cum Managing Director
Dr. J. N. Singh	Directors
Shri K. Ramchandran Pillai	
Dr. S. Sreenivasan	
Shri N. Kirubanithi	
Shri C. S. Teotia	
Shri Manoj Bajaj	Company Secretary cum General Manager (Fin)

लेखा परीक्षक

मेसर्स लुनकर एण्ड कंपनी
सनदी लेखापाल, मुंबई

मेसर्स राज हर गोपाल एण्ड कंपनी
सनदी लेखापाल, नई दिल्ली

AUDITORS

M/s. Loonkar & Co.
Chartered Accountants, Mumbai

M/s. Raj Har Gopal & Co.
Chartered Accountants, New Delhi

पंजीकृत कार्यालय

"कपास भवन"
प्लॉट नं. 3ए, सेक्टर - 10, सी.बी.डी. बेलापुर,
नवी मुंबई - 400 614
वेब साईट : www.cotcorp.gov.in

REGISTERED OFFICE

"Kapas Bhavan"
Plot No. 3A, Sector 10, C.B.D. Belapur
Navi Mumbai - 400 614
Website: www.cotcorp.gov.in

अनुक्रमणिका

सूचना	2
अध्यक्ष का अभिभाषण	3
निदेशकों की रिपोर्ट	13
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	39
महानिदेशक एवं लेखा परीक्षक की टिप्पणी	47
तुलन-पत्र	48
लाभ और हानि लेखा	50
बेंचमार्किंग उत्कृष्टता	92
बैंको की सूची	114

CONTENT

Notice	2
Chairman Speech	3
Directors' Speech	13
Auditor's Report	39
Comments of the CAG	47
Balance Sheet	48
Profit & Loss Account	50
Benchmarking Excellence	92
List of Banks	114

सार्वजनिक उपक्रम - प्रगति के लिए वचनबद्ध
The Public Sector - A Commitment to Progress

सूचना

NOTICE

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि भारतीय कपास निगम लिमिटेड, की 39वीं वार्षिक सामान्य बैठक शनिवार, 29 अगस्त, 2009 को 3.30 बजे कपास भवन, प्लॉट नं. 3ए, सेक्टर 10, सीबीडी - बेलापुर, नवी मुंबई-400614 में निम्नलिखित काम-काज करने के लिए आयोजित की जायेगी :

(1) 31 मार्च, 2009 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशकों की रिपोर्ट तथा लेखा परीक्षित तुलन-पत्र और लाभ-हानि लेखा प्राप्त और स्वीकार करना

(2) वित्तीय वर्ष 2008-2009 के लिए लाभांश की घोषणा तथा उस पर विचार करना।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते भारतीय कपास निगम लिमिटेड

हस्ता.
(मनोज बजाज)
कंपनी सचिव एवं महा प्रबंधक (वित्त)

स्थान : नवी मुंबई
दिनांक : 7 अगस्त 2009

नोट्स:
बैठक में उपस्थित रहने तथा मतदान के अधिकारी सदस्य अपने प्रतिनिधि के रूप में किसी अन्य व्यक्ति को उपस्थित रहने और अपने स्थान पर मतदान करने का अधिकार प्रदान कर सकते हैं ऐसे प्रतिनिधि का सदस्य होना आवश्यक नहीं हैं।

NOTICE is hereby given that the 39th Annual General Meeting of the Cotton Corporation of India Limited will be held on Saturday the 29th August 2009 at 3.30 p.m. at Kapas Bhavan, Plot No.3A, Sector 10, CBD-Belapur, Navi Mumbai 400 614 to transact the following business:

(1) To receive and adopt the Directors' Report and the Audited Balance Sheet and Profit and Loss Account for the year ended 31st March 2009.

(2) To consider declaration of dividend for the Financial Year 2008-09.

By order of the Board of Directors,
For THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

Sd/-
[MANOJ BAJAJ]
Co. Secretary cum Gen. Manager (Fin)

Place: Navi Mumbai
Date : 7th August 2009

NOTES:
Member entitled to attend and vote is entitled to appoint another person as his proxy to attend and vote instead of himself and proxy need not be a member.

भारतीय कपास निगम लिमिटेड
THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

निगम की 39वीं वार्षिक सामान्य बैठक के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अभिभाषण

सज्जनो,

भारतीय कपास निगम लिमिटेड की इस **39वीं वार्षिक सामान्य बैठक** के अवसर पर मैं, अपनी ओर से और निगम के निदेशक मंडल की ओर से आप सबका सहर्ष स्वागत करता हूँ। इस बैठक की सूचना की नोटिस, निदेशक रिपोर्ट और 31 मार्च, 2009 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा परीक्षित लेखे पहले ही परिचालित किये जा चुके हैं। आपकी अनुमति से, मैं उसे पठित मानता हूँ ।

कृषि जलवायु की प्रतिकूल परिस्थितियों के साथ विश्व में और देशी स्तर पर आर्थिक मंदी के कारण कपास मौसम 2008-09 एक बार पुनः कई मामलों में चुनौतियों का सामना और अनेक अवसरों का वर्ष रहा है । आपका निगम विवेकशील नीतियों और निष्ठावान एवं अनुभवी कर्मचारियों के कारण चुनौतियों का सामना करने और संगठन के लिए उल्लेखनीय स्थान बनाने तथा इसे और दृढ़ बनाने में सफल रहा है।

कपास परिदृश्य

विश्वीय

(पिछले मौसम में कपास मूल्यों में बड़ी वृद्धि के बाद वर्ष 2008-09 के दौरान विश्व कपास क्षेत्र में गिरावट आयी है । विश्व कपास क्षेत्र वर्ष 2008-09 में लगभग 8% से गिरकर 30.69 लाख हेक्टर्स हो गया है, जब कि वर्ष 2007-08 में यह 33.35 लाख हेक्टर्स था । किसानों के लिए कपास अंशतः ऊँची उत्पादन लागत और अंशतः कम रूचिकर मूल्यों के कारण प्रतिस्पर्धी उपजों की तुलना में कम आकर्षक रही है ।

- वर्ष 2008-09 के दौरान घटे हुए कपास क्षेत्र के कारण विश्व कपास उत्पादन लगभग 10% की गिरावट के साथ 23.42 मिलियन टन्स हो गया है, जब कि वर्ष, 2007-08 में यह 26.17 मिलियन टन्स था । संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, तुर्की, ग्रीस, इजिप्त और दक्षिण अफ्रीका आदि सहित कई देशों में कपास उत्पादन पिछले कई वर्षो से न्यूनतम स्तर पर गिरा है।
- विश्व कपास मिल्स उपभोग दशक में पहली बार गिरा, जो धीमे आर्थिक विस्तार से विश्व उत्पादों में मांग में कमी और

SPEECH OF CHAIRMAN-CUM-MANAGING DIRECTOR AT THE 39TH ANNUAL GENERAL MEETING OF THE CORPORATION

Gentlemen,

It gives me great pleasure to welcome you all, on behalf of the Board of Directors of the Corporation and also on my own behalf, to this **39th Annual General Meeting** of the Cotton Corporation of India Ltd. The Notice convening the meeting, the Director's Report and the Annual Audited Accounts for the year ended 31st March 2009 have already been circulated and with your permission, I shall take them as read.

With unfavourable agro-climatic conditions, economic slow down domestically and world-over, the cotton season 2008-09 had once again been a year of challenge and opportunities in more than one way. Your Corporation, with its prudent policies, dedicated and experienced cadre of employees had been able to meet these challenges creating value for the organization and gaining further strength.

Cotton Scenario

Global:

- World cotton area has declined during the year 2008-09, after a large increase in cotton prices during the preceding season. World cotton acreage during 2008-09 has decreased by around 8% to 30.69 lakh hectares, as against 33.35 lakh hectares in 2007-08. Cotton remained less attractive for the farmers than competing crops, partly due to higher production costs and partly due to less interesting prices.
- World cotton production has declined during 2008-09 by around 10% due to decreased cotton acreage, to 23.42 million tons as against 26.17 million tons in 2007-08. Cotton production decreased to the lowest levels in many years in a number of countries including the United States, Turkey, Greece, Egypt, and South Africa etc.
- World cotton mill use fell for the first time in a decade due to drop in demand for textile products

पोलिस्टर से संबंधित कपास के ऊँचे मूल्यों के कारण था । वर्ष 2008-09 में विश्व कपास उपभोग लगभग 13% गिरकर 23.01 मिलियन टन्स पर पहुँच गया है, जो वर्ष, 2007-08 में 26.35 मिलियन टन्स था ।

- कपास मौसम 2008-09 के दौरान विश्व कपास व्यापार में भी तेजी से गिरावट आयी है । आयात में गिरावट चीन और पाकिस्तान के तथा निर्यात में गिरावट भारत के कारण आयी है । संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में निर्यात में थोड़ी कमी आयी है ।
- कपास मौसम 2008-09 के अंत में विश्व अंतिम स्टॉक 4% की वृद्धि के साथ 12.68 मिलियन टन्स पर पहुँच गया है, जब कि पिछले वर्ष यह 12.33 मिलियन टन्स था ।

देशी

कपास का क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता

- कपास मौसम 2008-09 के दौरान कृषि जलवायु स्थिति पिछले वर्ष की तुलना में कुछ अधिक अनुकूल नहीं रही। कीट और बॉलवॉर्म की घटनाओं के साथ-साथ नहर के पानी का न छूटना, वर्षा में देरी आदि के कारण पानी की अत्यधिक कमी रही । इसके परिणामस्वरूप, वर्ष 2008-09 के दौरान कपास उत्पादन के अधीन क्षेत्रफल में 1% कमी के साथ यह 93.73 लाख हेक्टर्स पहुँच गया है, जब कि पिछले वर्ष यह 94.39 लाख हेक्टर था ।
- तथापि, बीटी उपज के अधीन क्षेत्रफल में वर्ष प्रति वर्ष वृद्धि हो रही है । कपास विकास निदेशालय के अनुसार देश में वर्ष 2008-09 के दौरान बीटी कपास उपज के अधीन क्षेत्र लगभग 68 लाख हेक्टर है, जब कि पिछले वर्ष यह लगभग 63 लाख हेक्टर था । कपास के अधीन समग्र क्षेत्रफल में बीटी बीज का भाग लगभग 73% रहा है, जब कि पिछले वर्ष यह लगभग 66% था ।
- भारत ने वर्ष 2007-08 के दौरान 5.36 मिलियन टन्स के सबसे बड़े कपास उत्पादन की तुलना में प्रतिकूल जलवायु स्थिति के बावजूद वर्ष, 2008-09 के दौरान 4.93 मिलियन मेट्रिक टन्स का कपास उत्पादन प्राप्त किया है, भारत एक बार पुनः विश्व में चीन के बाद दूसरे बड़े कपास उत्पादक के रूप में उभरा है ।
- कपास प्रौद्योगिकी मिशन के अधीन भारत सरकार द्वारा उठाये गए विभिन्न कदमों के कारण गुणवत्तावाले

caused by slower economic expansion and higher prices of cotton relative to polyester. The decline in cotton mill use in 2008-09 is by around 13% to 23.01 million tons as against 26.35 million tons in 2007-08.

- World cotton trade during cotton season 2008-09 has declined sharply. The drop in imports was driven by China and Pakistan and the drop in exports was driven by India. US Exports declined only slightly.
- World ending stocks as at the end of cotton season 2008-09 had increased by 4% at 12.68 million tons as against 12.33 million tons during last year.

Domestic

Acreage, Production and productivity of cotton

- The agro-climatic conditions during cotton season 2008-09 had not been much favourable as compared to previous years. Besides incidences of pests and bollworms, there had been acute shortage of water, due to non-release of canal water, delayed monsoon rains etc. As a result, the acreage under cotton cultivation during 2008-09 had decreased by around 1% to 93.73 lakh hectares as against 94.39 lakh hectares during the previous year.
- However, the acreage under Bt cultivation continues to increase year-after-year. As per Directorate of Cotton Development (DoCD), the acreage under cotton cultivation during 2008-09 had been around 68 lakh hectares as against 63 lakh hectares during the previous year. The share of Bt seed in the overall acreage under cotton constitute around 73% as against 66% during the previous year.
- Despite adverse agro-climatic conditions, during the year 2008-09, India had achieved cotton production of 4.93 million tons as against ever-highest cotton production of 5.36 million tons during 2007-08. India has once again retained the position as the second highest cotton producing country in the world, after China.
- With various steps taken by the Government of India under Technology Mission on Cotton, better availability of quality certified seeds and truthful

प्रमाणित बीजों और ट्रूथफुल लेबल बीजों की बेहतर उपलब्धता, बी.टी. बीजों का बढ़ा हुआ रोपण, अन्वेषक प्रौद्योगिकी द्वारा संशोधित कृषि उपायों को अपनाने के लिए कपास किसानों की मनोस्थिति में आये परिवर्तन के कारण देश में कपास का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है । फिर भी, ऊपर बताये गए विभिन्न कारणों से वर्ष 2008-09 के दौरान कपास उत्पादकता पिछले वर्ष के 567 किग्रा./हैक्टर्स से घटकर 526 किग्रा. पर आ गई है । फिर भी, कपास की उत्पादकता में आगामी वर्षो में वृद्धि होने की आशा है ।

मांग और आपूर्ति स्थिति

- वर्ष 2008-09 के दौरान विश्व आर्थिक मंदी के कारण तथा आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु आदि जैसे कुछ कपास उपभोक्ता राज्यों में अत्याधिक बिजली की कटौती के कारण वस्त्र उद्योग के कार्यनिष्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है । देशी और संपूर्ण विश्व में घटी हुई मांग के कारण मिल्स को यार्न, फैब्रिक्स और परिधान बेचने में कठिनाई महसूस हो रही थी, जिससे माल जमा होने लगा और वस्त्र उद्योग मिलों का नकद हानि होने लगी । इसके परिणास्वरूप देशी उपभोग जो वर्ष 2007-08 में 3.98 मिलियन टन्स के रिकार्ड स्तर पर पहुँच गया था, 6% घटकर 3.76 मिलियन टन्स पर पहुँच गया । आवकों में घटौती और फरवरी, 2009 के बाद गुणवत्तावाली कपास उपलब्ध न होने से देशी मिलों ने अपनी लीन मौसम की आवश्यकता के लिए कपास खरीदना शुरु कर दिया ।

मुख्य विकास और वर्ष के दौरान में नीति प्रवर्तन

- प्रति वर्ष भारत सरकार विभिन्न किस्मों/ग्रेड के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य परिचालन (एमएसपी) निश्चित करती रही है । इस वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य परिचालन की मुख्य-मुख्य बातें नीचे दिए अनुसार हैः-
  - ► वर्ष 2007-08 तक, एफ-414/एच-777/जे-34 (उत्तर) और एच-4 (मध्य प्रदेश/महाराष्ट्र) जैसे मूल किस्मों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निश्चित किया गया है । तथापि, कपास मौसम 2008-09 से भारत सरकार ने मूल स्टेपल ग्रुप के लिए यानि मध्यम स्टेपल (स्टेपल लेंग्थ 24.5 से 25.5 एमएम) और लंबे स्टेपल (स्टेपल लेंग्थ 29.5 से 30.5 एमएम के साथ) 8% नमी के साथ, न्यूनतम समर्थन मूल्य निश्चित

label seeds, increased plantation of Bt seeds and the changed mindset of the cotton farmers for adopting improved farm practices through innovative technology, the productivity of cotton in the country had been continuously increasing. However, with various reasons as brought out above, the productivity of cotton during 2008-09 had decreased to 526 kgs/hectare from the level 567 kgs/hectare achieved during the previous year. The productivity of cotton in the country is, however, expected to increase further in the coming years.

Demand & Supply situation

- During the year 2008-09, due to global economic slow down, coupled with severe power cut imposed in some cotton consuming States viz., Andhra Pradesh, Tamil Nadu etc., the performance of the textile industry was adversely affected. Due to sluggish demand domestically and world-over, the mills were finding it difficult to off-load yarn, fabrics and garments, resulting into pilling up of inventory and the textile mills started making cash losses. As a result, the domestic cotton consumption, which had reached a record level of 3.98 million tons in 2007-08 had reduced by around 6% to 3.76 million tons. With reduction in arrivals and with non-availability of quality cotton from February 2009 onwards, the domestic mills had started covering cotton for meeting their lean season requirements.

Major developments and policy initiatives during the year

- Every year Government of India has been fixing Minimum Support Prices (MSPs) for various varieties/grades. The salient feature of this year's MSPs has been that:
  - ► Till 2007-08, the MSPs had been fixed for basic varieties i.e. F414/H-777/J-34 (North) and H-4 (MP/Maharashtra). However, from cotton season 2008-09, the Government of India have started fixing MSPs on basic staple groups i.e. medium staple (with staple length 24.5 to 25.5mm) and long staple (with staple length 29.5 to 30.5mm) with 8% moisture. Based on the above, the prices for other staple groups are fixed

करना आरंभ किया है । उपर्युक्त पर आधृत होते हुए वस्त्र आयुक्त कार्यालय द्वारा गुणवत्ता अंतर, सामान्य मूल्य अंतर संगत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अन्य स्टेपल ग्रुप के लिए मूल्य निश्चित किया जाता है ।

► भारत सरकार ने कपास मौसम 2008-09 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि की है । मध्यम तंतु के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2500/- रू. प्रति क्विंटल निश्चित किया गया है और लंबे तंतु के लिए इसे 3000/- रू. प्रति क्विंटल निश्चित किया गया है । स्टेपल ग्रुप में यह वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में 39% से 48% है ।

- कपास मौसम 2008-09 के दौरान कपास निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा विशेष कृषि और ग्राम उद्योग योजना (वीकेजीयूवाय) के अधीन निर्यात को एफओबी मूल्यों के 5% के समकक्ष डयूटी क्रेडिट स्क्रिप के रूप में प्रोत्साहन योजना दिनांक 1.4.2008 से 30.6.2009 की अवधि के लिए लागू थी ।

मूल्य प्रवृत्तिः

देशी कपास और रूई मूल्यः

- कपास मौसम 2008-09 के दौरान आरंभ में एक सप्ताह की अल्पावधि के लिए कपास मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य स्तर से ऊपर रहे, उसके बाद हरियाणा और राजस्थान को छोड़कर सभी कपास उत्पादक राज्यों में कपास मूल्य मौसम के आरंभ में न्यूनतम समर्थन मूल्य स्तर पर पहुँच गए और सभी कपास उत्पादक राज्यों में संपूर्ण मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य स्तर पर बने रहे ।

- कपास मौसम 2008-09 के दौरान कपास के आरंभिक मूल्य पिछले वर्ष के आरंभिक मूल्यों की तुलना में लगभग 7 से 39% ऊँचे रहे । रूई मूल्य अक्तूबर, 2008 के दूसरे सप्ताह से गिरने लगे, किन्तु मार्च, 2009 के दूसरे सप्ताह से स्थिर बन गए ।

- अत्यधिक लंबे तंतु की कपास की किस्मों के मूल्य मौसम के आरंभ से घटे रहे । फिर भी, पिछले वर्ष के मूल्यों की तुलना में वे अधिक थे । तथापि, जनवरी, 2009 के दूसरे सप्ताह से मार्च, 2009 के तीसरे सप्ताह तक अत्यधिक लंबे तंतु की कपास के मूल्य पिछले वर्ष की तुलना में 13% तक घटे हुए हैं । मार्च, 2009 के तीसरे सप्ताह से अत्यधिक लंबे

by the Office of the Textile Commissioner keeping in view the quality differentials, normal price differentials and other relevant factors.

► The Government of India had increased the MSPs substantially for cotton season 2008-09. The MSP for medium staple has been fixed at Rs.2500/- per quintal and for long staple the same has been fixed at Rs.3000/- per quintal. The increase in staple groups had been by 39% to 48% as compared to last year.

- With a view to boost cotton exports, during cotton season 2008-09, an Incentive Scheme of the Government of India in the form of duty credit scrip equivalent to 5% of FOB value of exports under Vishesh Krishi and Gram Udyog Yojna (VKGUY) was in vogue for the period from 1st April 2008 to 30th June 2009.

Price Trend

Domestic Kapas & Lint Prices

- During the cotton season 2008-09, initially for a short span of a week, the kapas prices had ruled above MSP level. Subsequently, the kapas prices in all the cotton growing States, except Haryana and Rajasthan, had touched the MSP level in the beginning of the season itself and continued to rule at MSP level throughout the season in all the cotton growing States.

- The opening prices of cotton during the cotton season 2008-09 had been higher by around 7 to 39% as compared to the opening prices of previous year. The lint prices had started declining from the second week of October 2008 but the same started ruling steady from the second week of March 2009.

- The cotton prices of ELS varieties had also been ruling lower since beginning of the season, still the same were higher as compared to the prices of last year. However, from the second week of January 2009 till the third week of March 2009, the cotton prices of ELS ruled lower upto 13% as compared to last year. From the third week

तंतु की कपास के मूल्य मजबूत होने लगे और गत वर्ष की तुलना में लगभग 2 से 4% ऊँचे थे ।

अंतर्राष्ट्रीय मूल्य :

- कपास मौसम 2008-09 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मूल्य, कॉटलुक ए इंडेक्स (एफई) के अनुसार लगातार गिरते रहे और मार्च, 2009 के दूसरे सप्ताह में अब तक के न्यूनतम स्तर 50.15 यूएस सेन्ट्स प्रति/ एलबी तक पहुँच गये । मार्च, 2009 के दूसरे पाक्षिक से अंतर्राष्ट्रीय मूल्य में सुधार होने लगा और तब से मौसम के न्यूनतम से लगभग 33% की वृद्धि हुई है ।
- कपास मौसम 2008-09 के दौरान, कॉटलुक ए इंडेक्स गत वर्ष के 73.00 यूएस सेन्ट्स प्रति/ एलबी औसत की तुलना मं 61.00 यूएस सेन्ट्स प्रति/ एलबी रहा है ।

निगम का कार्य-निष्पादन

न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य

- कपास के वर्तमान मूल्यों के न्यूनतम समर्थन मूल्य स्तर तक पहुँचने पर, देश के कपास उत्पादकों को पारिश्रमिक मूल्य सुनिश्चित करने के लिए निगम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । आलोच्य वर्ष में कपास के स्थिर मूल्य प्रायः सभी कपास उत्पादक राज्यों में संपूर्ण मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य स्तर पर बने रहे और इसलिए निगम ने सभी कपास उत्पादक राज्यों में गहन न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य का संचालन किया है और न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य के अधीन 89.33 लाख गाँठों के समकक्ष लगभग 450 क्विंटल कपास की रिकार्ड मात्रा खरीदी है, जो वर्ष 2004-05 में निगम द्वारा इस प्रकार की 27.50 लाख गाँठों की खरीद की तुलना में तीन गुना अधिक है ।
- सीसीआई द्वारा किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य परिचालन के सफल संचालन ने एक ओर कपास किसानों द्वारा होने वाली मजबूरन बिक्री से बचने में सहायता की और दूसरी ओर आर्थिक मंदी के दौर में कपास बाजार में कपास के ढ़ेर जमा होने की स्थिति से बचाने में सहायता दी ।

वाणिज्यिक कार्य-कलाप

- आपका निगम न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य न होने की स्थिति में सौंपी गयी भूमिका के अनुसार कपास किसानों को उनकी उपज का प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः अपने जोखिम पर नियमित ग्राहकों की

of March 2009, the ELS cotton prices started firming up and were higher by around 2 to 4% as compared to last year.

International prices:

- The international prices, as measured by Cotlook A Index, had been continuously declining in cotton season 2008-09 and had reached at its lowest level of 50.15 US Cents per/lb in the second week of March 2009. From the second fortnight of March 2009, the international prices had started improving and since then had increased by around 33% as against the season lowest.
- The Cotlook A Index during cotton season 2008-09 had averaged at 61.00 US Cents/lb as against average of 73.00 US Cents per lb during last year

Performance of the Corporation

MSP operations

- The Corporation continues to play an important role in ensuring remunerative prices to the cotton growers of the country in the wake of prevailing kapas prices touching the MSP level. During the year under review, the prevailing kapas prices had ruled at MSP level throughout the season in almost all the cotton growing States and hence, the Corporation had undertaken massive MSP operations in all the cotton growing States and purchased a record quantity of kapas (raw cotton) of around 450 lakh quintals equivalent to 89.33 lakh cotton bales under MSP operations, which is more than three times bigger than last such purchases of 27.50 lakh bales by CCI in 2004-05.
- Successful handling of MSP operations by CCI have helped in avoiding distress sales of huge magnitude by the cotton farmers on the one hand and to prevent a glut like situation in the cotton market in the wake of global economic melt down on the other.

Commercial operations:

- As per the role assigned, in the absence of MSP operations, your Corporation undertakes viable commercial operations entire at its own risk for enabling to get competitive

आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वाणिज्यिक खरीद कार्य का संचालन करता है । ये कार्य-कलाप मुख्यतः मांग पत्रों और निकट भविष्य में संस्थागत एवं निजी खरीददारों तथा निर्यात में भी प्रत्याशित मांग के आधार पर होती है। कपास मौसम 2008-09 के आरंभ में लगभग एक सप्ताह तक की अवधि के लिए कपास के मूल्य पंजाब, हरियाणा और कर्नाटक में न्यूनतम समर्थन मूल्य से ऊपर रहे हैं। अतः आपके निगम में वाणिज्यिक कार्य परिचालन के अधीन 4930 गाँठों के समकक्ष लगभग 25000 क्विंटल कपास खरीदी है ।

देशी बिक्री

- न्यूनतम समर्थन मूल्य के बड़े स्टॉक को निपटाने की आवश्यकता को देखते हुए तथा देशी मिलों को उचित मूल्य पर कपास उपलब्ध कराने में सहायता देने के लिए निगम ने भारत सरकार के निदेशों के अनुसार फरवरी, 2009 में, बड़ी मात्रा में खरीद पर छूट योजना आरंभ की । आलोच्य वित्तीय वर्ष में मिल खरीददारों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया के कारण निगम पिछले वर्ष की 14.08 लाख गाँठों की बिक्री की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में 19.34 लाख गाँठें बेच सका है।

निर्यात बिक्री

- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान देश से कपास निर्यात के लिए कपास की अत्यधिक मात्रा उपलब्ध थी । अधिशेष कपास की बिक्री प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने कृषि और ग्राम उद्योग योजना के अधीन निर्यात एफ. ओ.बी. मूल्य के 5% के समकक्ष डयूटी क्रेडिट स्क्रिप के रूप में प्रोत्साहन योजना आरंभ की । अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों की तुलना में देशी मूल्य में विसंगति के कारण भारत से निर्यात उल्लेखनीय रूप से आरंभ नहीं हो सका । इसके परिणामस्वरूप आलोच्य वर्ष में निगम निर्यात में पिछले वित्तीय वर्ष में 1.73 लाख गाँठों की तुलना में 0.43 लाख गाँठें बेच सका है ।

बिक्री टर्न-ओवर

- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम का टर्न-ओवर पिछले वर्ष के 1636.83 करोड़ रूपये के टर्न-ओवर की तुलना में 4972.20 करोड़ रूपये रहा।

prices for their produce. These operations are basically dovetailed to indents and expected demand in near future from the mills, both under institutional as well as in private as also in exports. Initially during the cotton season 2008-09, for a period of almost a week, the kapas prices in Punjab, Haryana as also in Karnataka had ruled above MSP level. Hence, your Corporation had purchased around 25000 quintals equivalent to 4930 bales under commercial operations.

Domestic Sales

- Looking to the need to dispose off the huge MSP stocks and also to enable the domestic mills to source cotton at reasonable prices, rather than depending upon imports, the Corporation, as per the directives from the Government of India, had introduced Bulk Quantity Discount Scheme in February 2009. With encouraging response from the mill buyers, during the year under review, the Corporation succeeded in selling 19.34 lakh bales during the financial year as against 14.08 lakh bales during the previous financial year.

Export sales

- During the year under review there was abundant availability of cotton facilitating cotton exports from the country. With a view to increase prospects of surplus cotton, the Incentive Scheme of the Government of India in the form of duty credit scrip equivalent to 5% of FOB value of exports under Krishi and Gram Udyog Yojna was in vogue. Still, cotton exports from India had not picked up in a significant manner due to disparity in domestic prices as compared to international prices. As a result, during the year under review, the Corporation could sell 0.43 lakh bales in exports as against 1.73 lakh bales during the previous financial year.

Sales turnover

- During the year under review, the turnover of the Corporation had been Rs.4972.20 crores as against the turnover of Rs.1636.83 crores during the previous year.

वर्धित मूल्य

- वर्ष के दौरान निर्यातोन्मुख ईकाइयों तथा गुणवत्ता के प्रति जागरूक कई मिलों से संदूषण-मुक्त कपास की मांग को पूरा करने के लिए आपके निगम ने 57 लाख गाँठें संसाधित की, जो संदूषण-मुक्त कुल खरीद का लगभग 67% है, जबकि 6.25 लाख गाँठों के विरूद्ध कुल खरीद के 66% न्यूनतम संदूषण के साथ संसाधन किया है, जबकि समझौता ज्ञापन में इसका लक्ष्य 50% था । मिलों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही और निगम न्यूनतम संदूषणवाली कपास के संसाधन में हुए अतिरिक्त खर्च को वसूल करने में सफल रहा है।

विकासशील गतिविधियाँ

- कपास किसानों के बीच सघनित कपास खेती यानि संविदा खेती को प्रोत्साहित करने और लोकप्रिय बनाने के लिए तथा कपास किसानों और खरीददार मिलों/ग्राहकों को लाभ पहुँचाने के लिए आपका निगम आलोच्य वर्ष में सुविधाकर्ता के रूप में सघनित कपास खेती (संविदा खेती) को प्रोत्साहित करता रहा है । आगे कपास प्रौद्योगिकी मिशन के मिनी मिशन-II के अधीन अन्य कार्यान्वयन एजेन्सियों के साथ फ्रन्ट लाईन डेमोन्स्ट्रेशन (एफएलडी) के संघटकों के कार्यान्वयन के लिए एक नोडल एजेन्सी के रूप में निगम ने वर्ष 2008-09 के दौरान सभी मुख्य कपास उत्पादक राज्यों में एफएलडी का सफलतापूर्वक आयोजना किया है। कपास प्रौद्योगिकी मिशन के मिनी मिशन-II के अंतर्गत एफएलडी कार्यक्रम में निगम का योगदान वर्ष 2009-10 में भी जारी है।

लाभप्रदता

- वित्तीय वर्ष 2008-09 के दौरान निगम ने 66.78 करोड़ रूपये (कर के बाद) शुद्ध लाभ अर्जित किया है जबकि वित्तीय वर्ष 2007-08 के दौरान शुद्ध लाभ 22.55 करोड़ रूपये (कर के बाद) था । लाभ में इस वृद्धि का मुख्य कारण 4.81 लाख गाँठों के आगे लाये गए स्टॉक के निपटान की वर्तमान वर्ष में बिकी है और इस प्रकार के स्टॉक पर अर्जित लदान प्रभार किराये की आय, निगम की निधियों पर अर्जित ब्याज और अशोध्य ऋण की वसूली के कारण था ।

प्रदत्त शेयर पूँजी और लाभांश

- निगम के लगातार अच्छे कार्य-निष्पादन को देखते हुए निदेशक मंडल ने सकल 15.69 करोड़ रूपये (लाभांश पर कर सहित) के कुल कर के बाद लाभ पर 20% की दर

Value addition

- With a view to meet the demand of contamination free cotton from EOUs and other quality conscious meetings, during the year under report, the Corporation has processed 57 lakh bales constituting around 67% of the total procurement with least contamination as against achievement of 6.25 lakh bales constituting 66% of the total procurement against MoU target of 50 per cent. The response from the mills was positive and the Corporation was able to recover the extra cost incurred on processing cotton with least contamination.

Developmental activities

- With a view to promote and popularize the concept of Integrated Cotton Cultivation i.e. Contract Farming among the farming community as also the benefits to cotton farmers and the ultimate consumers i.e. buyer mills, the Corporation continued to promote the Integrated Cotton Cultivation as a facilitator during the year under report. Further, as one of the Nodal agencies for implementing the components of Front Line Demonstrations (FLDs) under MM-II of TMC alongwith other implementing agencies, the Corporation had successfully organized FLDs in all the major cotton growing States during 2008-09. The Corporation's involvement with FLD programme under MM-II of TMC is also continuing in 2009-10.

Profitability

- During the financial year 2008-09 your Corporation has earned a net profit of Rs.66.78 crores (after tax) as against the profit of Rs.22.55 crores (after tax) during the financial year 2007-08. The increase in profit has been mainly due to disposal of carried forward stock of 4.81 lakh bales sold in the current year and carrying charges earned on such stocks, rental income, interest earned on Corporation's funds and bad debts recovery.

Paid up share capital and Dividend

- In view of the continued good performance of the Corporation the Board of Directors of the Corporation have recommended dividend @ 20 per cent on post tax profit aggregating to Rs.15.69

पर लाभांश की सिफारिश की है, जबकि पिछले वर्ष यह 5.85 करोड रूपये (लाभांश पर कर सहित) था ।

कपास प्रौद्योगिकी मिशन के मिनी मिशन-III और IV का कार्यान्वयन

- निगम कपास प्रौद्योगिकी मिशन के मिनी मिशन-III और IV के लिए कार्यान्वयन एजेन्सी के रूप में कार्य करता रहा है। कपास में संदूषण को न्यूनतम करने के लिए विकास करने हेतु 11वीं योजना तक 250 मार्केट यार्डों का लक्ष्य अनुमोदित किया है ताकि कपास उत्पादकों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके। इन 250 मार्केट यार्डों का कुल परिव्यय 489.27 करोड़ रूपये है, जिसमें कपास प्रौद्योगिकी मिशन की 253.38 करोड़ रूपये की सहायता है । इसके साथ ही जिनिंग एवं प्रेसिंग फैक्टरियों के 1000 के लक्ष्य के विरूद्ध कपास प्रौद्योगिकी मिशन ने आधुनिकीकरण के लिए 1013 जिनिंग एवं प्रेसिंग फैक्टरियों का कार्य लिया है । इन जिनिंग एवं प्रेसिंग फैक्टरियों के आधुनिकीकरण पर कुल परिव्यय 1432.05 करोड़ रूपये है, जिसमें कपास प्रौद्योगिकी मिशन की सहायता 224.79 करोड़ रूपये है। जि.एवं प्रे.फैक्टरियों के आधुनिकीकरण ने टीएमसी के 2-3½% के मानदंडों के विरूद्ध ट्रैश/संदूषण के वर्तमान स्तर 5 से 8% से घटकर 1-1½% पर पहुँचा दिया है।
- उपरोक्त के परिणामस्वरूप देशी कताई उद्योग को बेहतर संसाधन और बेहतर संदूषण मुक्त कपास मिल सकी है। अब भारतीय कपास अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानंदडों के समकक्ष संसाधित है और कई निर्यातक देशों की कपास के समकक्ष विश्व में स्वीकार्य है ।

वस्त्र मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापनः

- वर्ष 2007-08 के लिए समझौता ज्ञापन में निर्धारित लक्ष्यों के सामने वास्तविक परिणामों की उपलब्धि के आधार पर सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा निगम को "अच्छा" अंकन दिया गया है। वर्ष 2008-09 के लिए अस्थायी उपलब्धियों के लक्ष्य सार्वजनिक उद्यम विभाग को सूचित किये गए है।
- आपके निगम और वस्त्र मंत्रालय के बीच वर्ष 2009-10 के लिए समझौता ज्ञापन 30 मार्च, 2009 को हस्ताक्षरित किया गया ।

निगमित शासन

- निगम ने भारत सरकार के मार्गदर्शन के अनुसार निगमित

crores (including tax on dividend) as against Rs.5.85 crores (including tax on dividend) during the last year.

Implementation of Mini Missions III and IV of TMC

- The Corporation continued to be implementing agency for Mini Mission III and IV of Technology Mission on Cotton. The target of 250-market yards upto XIth Plan had been approved for development to minimize contamination in kapas so as to enable the cotton growers to get better price for their cotton. Total outlay for these 250-market yard has been Rs.489.27 crores with TMC assistance of Rs.253.38 crores. Similarly, against target of 1000 G&P units, TMC has so far taken up 1013 G&P factories for modernization. The total outlay for modernization of these G&P factories has been Rs.1432.05 crores with TMC assistance of Rs.224.79 crores. Modernization of G&P factories has reduced trash/contamination from the present level of 5 to 8% to 1-1½% as against TMC norms of 2-3½%.

- As a result of the above, domestic spinning industry is able to get better processed and contamination free cotton. The Indian cotton is now processed equivalent to international quality standards and is acceptable world-over at par with cotton of other exporting countries.

MoU with the Ministry

- On the basis of the achievements based on actual results vis-à-vis targets set in the MoU for the year 2007-08, Corporation had been rated as "Good" by the Department of Public Enterprises. Provisional achievements vis-à-vis targets for the year2008-09 had been intimated to the DPE.
- The Memorandum of Understanding between your Corporation and the Ministry of Textiles for the year 2009-10 was signed on 30th March 2009.

Corporate governance

- The Corporation has adopted the system and practices of corporate governance as per the

शासन की प्रणाली और प्रथाओं को अपनाया है । आपका निगम सामाजिक दायित्व को देखते हुए विभिन्न स्टेक होल्डर्स का हित बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील है । निगम के निगमित शासन का उेश्य अपने व्यापार के आचरण में नैतिक और उचित व्यापार प्रथाओं के अनुपालन द्वारा शेयरधारकों का महत्व बढ़ाना है तथा प्रकटीकरण और पारदर्शिता के उच्चतम मानदंड बनाए रखना है ।

भावी परिदृश्य

- पिछले कुछ वर्षो से भारत, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कपास क्षेत्र में दूसरे बड़े कपास उत्पादक, उपभोक्ता के साथ-साथ निर्यातक के रूप में की-प्लेअर के रूप में उभरा है । यद्यपि वर्ष 2009-10 के दौरान संभावित कपास उपज का आकार इस समय स्पष्ट नहीं है, किन्तु वर्तमान संकेतों से यह स्पष्ट है कि आलोच्य वर्ष के दौरान अच्छे मूल्यों की प्राप्ति होने के कारण देश में कपास किसान कपास के अधीन क्षेत्र में लगभग 10% की वृद्धि कर सके हैं । भावी कपास मौसम 2009-10 के दौरान कपास उत्पादन पिछले वर्ष से अधिक होने की संभावना है ।

- विश्व स्तर पर कपास क्षेत्र गिरकर 30.4 मिलियन हेक्टर्स होने की आशा है । विश्व कपास उत्पादन 23.6 मिलियन टन्स पर स्थिर रहने की संभावना है । भारत, यू.एस.ए., पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया में उत्पादन में वृद्धि की संभावना में चीन, ब्राजील, उजबेकिस्तान, तुर्की, ग्रीस, तुर्कमेनिस्तान तथा मेक्सिको में गिरावट के कारण कमी आयेगी । विश्व कपास मिल उपभोग थोड़ा सा बढ़कर 23.5 मिलियन टन्स होने की आशा है । तथापि, थोड़ा बदलाव विश्व आर्थिक विकास में सुधार पर निर्भर है ।

- विश्व कपास व्यापार में 7% अधिक होने की संभावना के साथ है, जो चीन के साथ मुख्य उपभोक्ता देशों के द्वारा आयात में वृद्धि के कारण होगा । भारतीय निर्यात वर्ष 2009-10 में 1.4 मिलियन टन्स पर होने की आशा है ।

भावी योजना

- यद्यपि देश की कपास अर्थ-व्यवस्था में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रवेश और अन्य कारणों से प्रतिस्पर्धा बढ़ गयी है, आपका निगम आगामी वर्षो में विवेकशील व्यापार नीतियों द्वारा इस प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है । निगम संख्या तथा मार्केट शेयर दोनों में अपना

guidelines of the Government of India. The Corporation endeavours to balance the interests of various stakeholders keeping in view the social responsibility. The objective of corporate governance in the Corporation is to enhance shareholders value by pursuing ethical and fair business practices in the conduct of its business and maintaining high standards of disclosures and transparency.

Future Outlook

- Over the years, India has emerged as the key player in the cotton sector at international level, as the second largest cotton producer, consumer as well as a net exporter of cotton. Although a clear picture of cotton crop size during ensuing cotton season 2009-10 is not very clear, from the present indications it appears that due to receipt of good prices during the year under review, the cotton farmers of the country may go in for increased acreage under cotton by 10%. The cotton production during the ensuing cotton season 2009-10 is likely to remain higher than previous season.

- At the world level, the cotton area is expected to continue to decline to 30.4 million hectares. World cotton production is forecast stable at 23.6 million tons. Expected production increases in India, USA, Pakistan and Australia are expected to offset by declines in China, Brazil, Uzbekistan, Turkey, Greece, Turkmenistan and Mexico. World cotton mill use is expected to recover slightly to 23.5 million tons. However, the modest upturn is dependent upon an improvement in world economic growth.

- World cotton trade is forecast 7% higher at 6.8 million tons driven by an increase in imports by major consuming countries including China. Indian exports are expected to rebound strongly in 2009-10 to 1.4 million tons.

Future Planning

- Although the competition in the cotton economy of the country has increased due to entry of multinational companies and other factors, the Corporation is fully prepared to tackle such competition in the coming years by adopting prudent business policies. The Corporation would

व्यापार बढाने में और इसके द्वारा शेयरधारकों के लिए मूल्य स्थापित करने की स्थिति में रहेगा ।

आभार

- मैं इस अवसर पर निदेशक मंडल के सदस्यों द्वारा समय-समय पर दिए गए उपयोगी एवं बहुमूल्य सहयोग के लिए आभार प्रकट करना चाहता हूँ ।
- मैं माननीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार, माननीय राज्य वस्त्र मंत्री, भारत सरकार, सचिव, संयुक्त सचिव तथा वस्त्र मंत्रालय के अन्य अधिकारियों, वित्त मंत्रालय के अधिकारियों, कृषि मंत्रालय और वस्त्र आयुक्त एवं उनके कार्यालय के अधिकारियों के प्रति भी उनके द्वारा दिए गए सहायोग तथा मार्गदर्शन के लिए भी आभारी हूँ । इसके अभाव में आपका निगम समीक्षागत वर्ष के दौरान, हाल ही में निर्धारित कार्य-निष्पादन को बनाये रखने में सफल नहीं हो सकता था ।
- समीक्षागत वर्ष के लिए निगम के लेखों की परीक्षा करते समय निगम के सांविधिक लेखा परीक्षक, सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड, मुंबई द्वारा तथा सरकारी लेखा परीक्षा अधिकारियों द्वारा दिए गए अमूल्य मार्गदर्शन के लिए भी, मैं उनका आभारी हूँ।
- मैं राष्ट्रीय वस्त्र निगम, राज्य वस्त्र निगमों, सहकारी स्पिनिंग मिलों तथा निजी क्षेत्र की विभिन्न मिलों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने वर्ष, 2008-2009 के दौरान अपनी रूई की आवश्यकता निगम से पूरी की और इस प्रकार गुणवत्ता, मूल्य-प्रतिस्पर्धा और निगम द्वारा दी जानेवाली सेवाओं पर विश्वास बनाये रखा हैं । भारतीय वस्त्र उद्योग संगठन (सीआयटीआय), कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया, राज्य भंडार निगम, केन्द्रीय भंडार निगम द्वारा निगम को दिए गए सहयोग के प्रति भी, मैं हार्दिक आभारी हूँ।
- इस अवधि के दौरान निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिए गए समर्पण, निष्ठा और वचनबद्धता पूर्ण सेवा के लिए भी, मैं आभारी हूँ ।

सधन्यवाद,

(सुभाष ग्रावर)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नवी मुंबई
दिनांक : 29-08-2009

continue its policy to increase its business both in terms of absolute numbers as well as its market share, thus, creating value for the shareholders.

Acknowledgements

- I take this opportunity to express my deep appreciation for the useful and valuable support given by the members of the Board from time to time.
- I also wish to place on record my sincere gratitude for the guidance and cooperation extended by the Hon'ble Minister of Textiles, Government of India, Hon'ble Minister of State for Textiles, Government of India, Secretary, Joint Secretaries and other officials of the Ministry of Textiles, Officials of the Ministry of Finance, Ministry of Agriculture and the Textile Commissioner and his officials, but for which to maintain trends that were set earlier in the recent past with regard to working of Corporation, would not have been possible in the year under review.
- I am also grateful for the valuable guidance given by the Statutory Auditors, Member, Audit Board, Mumbai and Officials of Government Audit in the course of their conducting the audit of the accounts of the Corporation for the year under review.
- Sincere thanks are also due to the National Textile Corporation, the State Textile Corporations, Cooperative Spinning Mills and various mills in the private sector, who have covered their cotton requirements from the Corporation during 2008-09, thus, placing their faith in the quality, price competitiveness and services being rendered by the Corporation. Our sincere thanks are also due to the Confederation of Indian Textile Industry (CITI), Cotton Association of India, State Warehousing Corporations, Central Warehousing Corporation for the cooperation extended to the Corporation.
- I would also like to express my sincere and deep appreciation for the dedication, devotion and commitment with which the staff and officers of the Corporation have worked during the period.

Thanking you,

(SUBHASH GROVER)
CHAIRMAN-CUM-MANAGING DIRECTOR

Place: Navi Mumbai
Date: 29-08-2009

वर्ष 2008-09 के लिए निदेशक रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT FOR THE YEAR 2008-09

प्रिय शेयरधारक,

आपके निदेशकगण **31 मार्च, 2009** को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखों के साथ आपके निगम के कार्य-संचालन पर **39 वीं वार्षिक रिपोर्ट** सहर्ष प्रस्तुत करते हैं, जो मंडल द्वारा अनुमोदित है तथा लेखा परीक्षकों द्वारा उनकी रिपोर्ट के साथ प्रमाणित है ।

1. कपास स्थिति

1.1 कपास मौसम 2008-09 की मुख्य-मुख्य बातें नीचे दिये अनुसार हैं :

(i) कपास मौसम 2008-09 का आरंभ 43 लाख गॉठों के अवशेष स्टॉक के साथ हुआ, जो मिलों की लगभग दो माह की खपत के समकक्ष था ।

(ii) देश में वर्ष 2008-09 के दौरान कपास उत्पादन 290 लाख गॉठें हुआ है जबकि पिछले वर्ष यह 315 लाख गॉठें था । इस वर्ष की मुख्य-मुख्य बातें नीचे दिये अनुसार हैं:-

क. कपास मौसम 2008-09 के दौरान कृषि-जलवायु स्थितियाँ पिछले वर्ष की तरह अनुकूल नहीं थी । इसके अलावा कीट आक्रमण के प्रसंग भी बढ़ गये थे ।

ख. इसके फलस्वरूप कपास मौसम 2008-09 के दोरान कपास उत्पादन के अधीन क्षेत्र लगभग 1% की घटौती के साथ यह 93.73 लाख हेक्टर हो गया है, जब कि पिछले वर्ष यह 94.39 लाख हेक्टर था ।

ग. नहर का जल आदि न छोड़ने के कारण जल की अत्यधिक कमी को देखते हुए उत्तरी अंचल में कपास किसान का रूख अन्य उपजों की तरफ हो गया । इसके परिणामस्वरूप उत्तरी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कपास उत्पादन पिछले वर्ष को 47.00

Dear Shareholders,

Your Directors have immense pleasure in presenting the **39th Annual Report** on the working of your Corporation together with Annual Accounts for the year ended **31st March 2009,** as approved by the Board and certified by the Auditors, alongwith their report thereon.

1. Cotton Situation:

1.1 The highlights of the cotton season 2008-09 are as under:

(i) The cotton season 2008-09 began with a carry over of 43 lakh bales, which was equivalent of about two month's of mill consumption.

(ii) The cotton production in the country during 2008-09 had been 290 lakh bales as against 315 lakh bales during the previous year. The salient feature of this year had been as under:

(a) During the cotton season 2008-09, the agro-climatic conditions had not been as favourable as the previous year, besides increased incidences of pests attack.

(b) As a result, the acreage under cotton cultivation during cotton season 2008-09 had reduced by around 1% to 93.73 lakh hectares as against 94.39 lakh hectares during the previous year.

(c) In view of acute shortage of water due to non-release of canal water etc., the cotton farmers have shifted to other crops in Northern zone. As a result the cotton production in Northern States of Punjab, Haryana and Rajasthan has gone down by

लाख गॉठों की तुलना में 17% की गिरावट के साथ 39.00 लाख गॉठों तक पहुँच गया ।

घ. इसी प्रकार मध्य अंचल में गुजरात, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश को शामिल करते हुए कपास उत्पादन लगभग एक माह से देर से होनेवाली वर्षा के कारण प्रतिकूल प्रभावित हुआ है और गत वर्ष की 195 लाख गॉठों की तुलना में 13% की गिरावट के साथ 170 लाख गॉठों पर पहुँच गया है ।

ड. तथापि, वर्तमान कपास मौसम 2008-09 के दौरान दक्षिण अंचल में विशेषतः आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में कपास उत्पादन लगभग 14% बढ़कर 67.00 लाख गॉठों तक पहुँच गया है, जबकि पिछले वर्ष केवल 59.00 लाख गॉठें था ।

च. बी.टी.कपास के अधीन क्षेत्र में प्रति वर्ष वृद्धि होती रही है । कपास मौसम 2008-09 के दौरान 93.73 लाख हैक्टर के कुल क्षेत्र में से 68.18 लाख हैक्टर बी.टी. कपास उपज के अंतर्गत बताया गया है, जो कुल क्षेत्र का लगभग 73% है ।

छ. उत्कृष्ट लंबे और अत्यधिक लंबे तंतु की कपास में, देश में लगभग 9 से 10 लाख गॉठों की समग्र खपत के विरूद्ध देशी उत्पादन लगभग 5 लाख गॉठों पर स्थिर रहा है, जो कि मुख्यतः आंध्र-प्रदेश और कर्नाटक दोनों में इस स्टेपल ग्रुप के अधीन घटे हुए क्षेत्र के कारण है । इसके फलस्वरूप वस्त्रोद्योग मिलों द्वारा इस श्रेणी की कपास का आयात मुख्यतः यूएस पिमा, ईजिप्शियन गिजा आदि के लिए लगभग 5 लाख गॉठों की सीमा तक करना पड़ा है ।

around 17% to 39.00 lakh bales as against 47.00 lakh bales during the previous year.

(d) Similarly in Central zone, comprising of Gujarat, Maharashtra and Madhya Pradesh, due to delayed rains by almost one month, the cotton production was adversely affected and had gone down by around 13% to 170 lakh bales as against 195 lakh bales during the previous year.

(e) However, during current cotton season 2008-09, cotton production in Southern zone, especially in Andhra Pradesh and Karnataka, has gone up by around 14% to 67.00 lakh bales as against 59.00 lakh bales during last year.

(f) Acreage under Bt cotton continues to increase year by year. During cotton season 2008-09, out of total acreage of 93.73 lakh hectares, 68.18 lakh hectares is reported under Bt cotton cultivation constituting around 73% of the total acreage.

(g) In Superior Long and Extra Long staple cottons, as against the overall consumption of around 9 to 10 lakh bales in the country, the indigenous production has remained stagnant at around 5 lakh bales, mainly due to reduced acreage under this staple group in Andhra Pradesh and Karnataka. This has led to imports in this category by the textile mills mainly for US Pima, Egyptian Giza etc., to the extent of around 5 lakh bales.

ज. गत कुछ वर्षों में, भारतीय कपास की गुणवत्ता में तंतु मानदंडों में सुधार के साथ और ट्रैश कन्टेन्ट अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के समकक्ष होने के साथ-साथ भारतीय कपास की विदेशी बाजारों में स्वीकार्यता में सुधार हुआ है । इसके फलस्वरूप, देश संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के बाद विश्व में कपास के दूसरे बड़े निर्यातक के रूप में उभरा है । तथापि वर्तमान मौसम 2008-09 के दौरान भारत सरकार की विशेष कृषि और ग्राम उद्योग योजना (वीकेजीयुवाय) के अधीन निर्यात के एफओबी मूल्य के 5% के समकक्ष ऋण स्क्रिप के रूप में प्रोत्साहन योजना के बावजूद विदेशी मूल्यों की तुलना में देशी मूल्यों की विसंगति और विश्वीय आर्थिक मंदी के कारण आयातक देशों द्वारा कपास खपत में घटौती के कारण देश से कपास निर्यात आरंभ नहीं हो सका है । कपास मौसम 2008-09 के दौरान देश से 50.00 लाख गॉठों के कपास निर्यात का अनुमान लगाया गया है, जबकि पिछले वर्ष यह 85 लाख गॉठें था ।

1.2 कपास मौसम 2008-09 के दौरान भारत सरकार ने कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि दी है । दो मूलभूत तंतु श्रेणियों में वृद्धि, मध्यम तंतु श्रेणी में लगभग 39% और लंबे तंतु श्रेणी में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 48% रही । इसके बाद, बाजार अंतरों के आधार पर वस्त्र आयुक्त मुंबई ने अन्य किस्मों के लिए तंतु श्रेणी-वार न्यूनतम समर्थन मूल्य निश्चित किया है ।

1.3 कपास मौसम 2008-09 के दौरान आरंभ में कपास के वर्तमान मूल्य लगभग एक सप्ताह की अल्पावधि के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के स्तर से ऊपर रहे। इसके कारण, फलस्वरूप न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुई । हरियाणा और राजस्थान को छोड़कर, सभी कपास उत्पादक राज्यों में कपास मूल्य मौसम के आरंभ में ही न्यूनतम समर्थन मूल्य

